संबंध है, विलम्बित उडानों के मामले में जमोन पर और उडानों में उल्पहार दिये जाने की व्यवस्था की गयी है ।

उत्तर प्रदेश में बिजली की कमी

1008 **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि समूचे उत्तर प्रदेश में बड़े पैमाने पर बिजली की कमी चल रही है ;

(ख) यदि हां, तो उसके क्या कारण हैं ; और

(ग) सरकार द्वारा स्थिति में सुधार के लिए क्या उपचारी कदम उठाये जा रहे हैं ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) अप्रैल, 1991–जून, 1991 की अवधि के दौरान, उत्तर प्रदेश में ऊर्जा की कमी 9.1 प्रतिशत थी ।

(ख) विद्युत की कमी का मुख्य कारण मांग से कम विद्युत उपलब्ध होना एवं यूनिटों की अनियत बंदियां होना था ।

(ग) विद्युत की उपलब्धता में सुधार करने के लिए किये गये उपायों में ये शामिल हैं ; नयी विद्युत उत्पादन क्षमता को शीघ्र चालू करना, लघु निर्माणावधि वाली परियोजनाओं का क्रियान्वयन, विद्यमान विद्युत केन्द्रों के कार्य-निष्पादन में सुधार करना, पारेषण एवं वितरण हानियों की मात्रा को कम करना, मांग प्रबंध एवं ऊर्जा संरक्षण उपायों को क्रियान्वित करना तथा अधिशेष वाले क्षेत्रों से कमी वाले क्षेत्रों को ऊर्जा का अन्तरण करना ।

उत्तर प्रदेश की लम्बित विद्युत परियोजनाएं

1009. **श्री सत्य प्रकाश मालवीय :** क्या **विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) उत्तर प्रदेश सरकार की कौन-कौन सी विद्युत परियोजनाएं केन्द्रीय सरकार की मंजूरी हेतु लम्बित पड़ी हैं तथा वे कब से लम्बित पड़ी हैं ; और

(ख) प्रत्येक परियोजना का अनुमानित व्यय कितना-कितना है और प्रत्येक परियोजना की सम्भावित विद्युत उत्पादन क्षमता कितनी-कितनी है ?

विद्युत और गैर-पारम्परिक ऊर्जा स्रोत मंत्रालय के राज्य मंत्री (श्री कल्पनाथ राय) : (क) और (ख) ब्यौरा नीचे दिया गया है :—

परियोजना का नाम	क्षमता (मे० वा०)	अनुमानित लागत (करोड़ रु०)	के०वि०प्रा० में प्राप्ति की तारीख	वर्तमान स्थिति
1	2	3	4	5
ताप-विद्युत				
1. बेलधारा रोड	3×210 =630	982.2 1015.4	12/88(1) 5/90(2)	ईंधन लिंकेज, पर्यावणीय स्वीकृति एवं नागर विमानन प्राधिकारियों की स्वीकृत और सम्बद्ध पारेषण प्रणाली को अभी सुनिश्चित किया जाना है । विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 की धारा 29 के प्रावधानों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाना

1	2	3	4	5
				है । जुलाई, 1990 में उत्तर प्रदेश राज्य बिजली बोर्ड ने के०वि०प्रा० को सूचित किया था कि उनके द्वारा परियोजना की क्षमता में संशोधन करके इसे 3×250 मे० वा० किया जा रहा है । संशोधित रिपोर्ट अभी तक प्राप्त नहीं हुई है ।
2. जगदीशपुर गैस टर्बाइन (जीटी) संयुक्त साइकल संयंत्र	4×35 (जीटी) 2×35 (एसटी) =210	235.0 261.5	5/89(1) 8/90(2)	ईंधन लिंकेज की अभी सुनिश्चित किया जाना है । एन०टी०पी०सी० ने फर्रुखाबाद में भी परियोजना स्थापित किए जाने का प्रस्ताव किया है ।
3. शाहजहांनपुर गैस आधारित संयुक्त साइकल गैस टर्बाइन	600	813.54	5/91	ईंधन लिंकेज, पर्यावरणीय स्वीकृत एवं नागर विमानन प्राधिकारियों की स्वीकृति, जल की उपलब्धता और सम्बद्ध पारेषण प्रणाली को सुनिश्चित किया जाना है । विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 की धारा 29 के प्रावधानों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाना है ।
जल-विद्युत				
4. खारा	24×3=72	197.02	उपलब्ध नहीं	के०वि०प्रा० द्वारा तकनीकी-आर्थिक स्वीकृति 18-3-85 को दे दी गई थी । हरियाणा से सम्बद्ध अन्तर्राज्यीय पहलुओं का समाधान किया जाना है । पर्यावर्णीय स्वीकृति भी प्रतीक्षित है (चल रही परियोजना) ।
5. राजघाट	3×15=45	37.47	5/84	यह उत्तर प्रदेश तथा मध्य प्रदेश की संयुक्त परियोजना है । के०वि०प्रा० द्वारा तकनीकी आर्थिक स्वीकृति 2-5-85 को दी गई थी । निवेश संबंधी अनुमोदन के बारे में योजना आयोग में कार्यवाही की जा रही है ।

1	2	3	4	5
6. बंसूली	5×0.956 =4.780	16.58	10/90]	केंद्रीय जल आयोग तथा पर्यावरण एवं वन मंत्रालय की टिप्पणियों के संबंध में परियोजना प्राधिकारियों के उत्तर प्रतीक्षित हैं। विद्युत (प्रदाय) अधिनियम, 1948 की धारा 29 के प्रावधानों का अनुपालन भी सुनिश्चित किया जाना है।

पेट्रोल पम्प की डीलरशिप का आवंटन

1010. **श्रीमती सुष्मा स्वराज** : क्या **पेट्रोलियम और प्राकृतिक** गैस मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने पेट्रोल पम्प और रसोई गैस की एजेंसियां वितरित करने के लिए कोई मानदंड निर्धारित किया है;

(ख) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है और क्या इस मानदण्ड का सख्ती से पालन किया जा रहा है ;

(ग) क्या इस संबंध में मंत्री का कोई विवेकाधिकार कोटा भी निर्धारित है ; और

(घ) यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री (श्री बी. शंकरानन्द) : (क) से (घ) पेट्रोल/डीजल डीलरों की नियुक्ति संबंधित तेल चयन बोर्डों से प्राप्त सिफारिशों के आधार पर विपणन तेल कम्पनियों द्वारा की गई थी। उम्मीदवारों के चयन में उनकी आय, शैक्षिक योग्यता, आवास, श्रेणी, आयु आदि से संबंधित पात्रता-शर्तों को ध्यान में रखा गया था। कुछ आवंटन सरकार के विवेकानुसार भी किए गए।

उत्तर प्रदेश में पर्यटकों की संख्या में कमी

1011 **श्री सत्य प्रकाश मालवीय** : क्या **नागर विमानन और पर्यटन** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि उत्तर प्रदेश में विदेशी पर्यटकों की संख्या में हाल ही में कमी आयी है ; और

(ख) यदि हां, तो इस संबंध में ब्यौरा क्या है और इसके क्या कारण हैं ?

नागर विमानन और पर्यटन मंत्री (श्री माधव राव सिंधिया) : (क) और (ख) राज्य सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार, उत्तर प्रदेश की यात्रा करने आए विदेशी पर्यटकों की संख्या 1989 में 1,37,168 थी जो कम होकर 1990 में 1,24,651 रह गई। यह गिरावट मुख्य रूप से राज्य के कुछ भागों में कानून और व्यवस्था की समस्याओं तथा इन घटनाओं के विदेशों में प्रतिकूल प्रचार होने के कारण आई थी।

Safety measures by private airline operators

1012. SHRI DINESHBHAI TRIVEDI: Will the Minister of CIVIL AVIATION AND TOURISM be pleased to state the manner in which the DGCA propose to monitor the safety